# कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

**मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)**

कोरबा जोन

कोरबा, दिनांक 03.03.2023

फा.क्र./524 (कोरबा जोन)/2023/

## निविदा आमंत्रण की सूचना

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा प्रचलित **PWD Building SOR 01.01.2015** से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) कम अधिक या समान दरों पर तथा शेड्युल अनुसार आयटम दरों पर निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर त्रि–लिफाफा पद्धति माध्यम से आमंत्रित की जाती है :–

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने अंतिम तिथि – 24.03.2023 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि – 24.03.2023 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि में | धरोहर राशि रू में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र | कार्यावधि | ठेकेदार का वर्ग | निविदा खुलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 01 अंतर्गत विजय सिंह घर से मुन्ना पास्टर घर तक सीमेन्ट कांक्रीट ब्लॉक रोड एवं नाली का निर्माण कार्य। **(पार्षद मद 2022–23)** | **7,00,000/-** | **5,500 /-** | **750/-** | **Form-A** | 04 माह | सक्षम श्रेणी | **24.03.2023** |

**निविदा की शर्तें:–**

1. निविदा दरे प्रचलित सी.एस.आर.से कम या अधिक प्रतिशत् दरों पर दिया जावे सी.एस.आर.के अंतर्गत के आयटमों पर पृथक से आयटम दरों का उल्लेख करने पर निविदा निरस्त मानी जावेगी।
2. निविदा के दस्तावेज हाथो–हाथ न लिया जाकर रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जावेगा। अन्य माध्यमों यथा कोरियर सर्विस, साधारण डाक इत्यादि से प्राप्त अथवा समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा **आयुक्त, नगर पालिक निगम, आई.टी.आई. चौक साकेत भवन, जिला–कोरबा (छ.ग.) पिन नं.–495677** के पते पर भेजना होगा। निर्धारित तिथि को सायं 3:00 के पश्चात् प्राप्त निविदाएँ स्वीकार नहीं किए जावेंगे।
3. निविदा प्रपत्र नगर पालिक निगम, कोरबा के वेबसाईट **www.korbamunicipal.in/uad.cg.gov.in** डाउनलोड किया जाकर नवीन निविदा प्रपत्र **Form - A/B/ABC** (जारी दिनॉक तक समस्त संशोधनों के साथ) निर्धारित शुल्क की डीडी के साथ संबंधित कार्य का नाम पूर्ण विवरण सहित भरकर भेजना होगा।
4. निविदा प्रपत्र त्रि–लिफाफा पद्धति से मान्य किया जावेगा जो निम्नानुसार होगाः–
   - (अ) प्रथम लिफाफा में ठेकेदार का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, आयकर चुकता प्रमाण पत्र, निविदा सूचना आमंत्रण में उल्लेखित अन्य दस्तावेज के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क का डीडी (निविदा आमंत्रण पत्र जारी दिनांक के पश्चात् का मान्य) एवं अमानत राशि का टी.डी.आर./एफ.डी.आर. जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा के नाम पर देय होगा प्रस्तुत करना होगा।
   - (ब) द्वितीय लिफाफा में ठेकेदार द्वारा भरा हुआ निविदा प्रपत्र होगा।
   - (स) तृतीय लिफाफा में उपरोक्त दोनो लिफाफाएँ होगी तथा आवश्यकता पड़ने पर मूल अभिलेख प्रस्तुत करना होगा।
5. जिन ठेकेदारों द्वारा नगर पालिक निगम (साडा) के किसी ठेके के कार्य में अनुबंध के अनुरूप कार्य न किया गया हो अथवा नगर पालिक निगम (साडा) के हित के विरूद्ध कार्य किया गया हो उन्हे निविदा भरने की पात्रता नही होगी।
6. निविदा हेतु इच्छुक ठेकेदारों को उचित वर्ग में पंजीयन की प्रमाणित प्रतिलिपि यदि साझेदारी फर्म हो तो उसका प्रमाण पत्र (पार्टनरशीप डीड) की सत्य प्रतिलिपि, उपलब्ध तकनीकी अमले की जानकरी पिछले वित्तीय वर्ष का **आय चुकता प्रमाण पत्र, पेन नम्बर, जी.एस.टी. पंजीयन एवं प्रशिक्षित यंत्री नियुक्त करने संबंधी प्रमाण पत्र, कर्मचारी भविष्य निधिसंगठन,कर्मचारी, राज्य बीमा निगम रायपुर से पंजीयन एवं** विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) हस्ताक्षरयुक्त निर्धारित प्रारूप में निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिका क्र. 04 के अनुरूप लिफाफा (अ) में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. कार्य हेतु लिफाफे पर कार्य का नाम निविदा आमंत्रण सूचना कमॉक, निविदा खुलने की तिथि स्पष्ट रूप से लिखकर भेजना होगा।
8. निविदाकार का यह दायित्व है कि वे निविदा भरने के पूर्व स्थल का स्वयं निरीक्षण कर लेवें ताकि प्रारंभ करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

9. निर्धारित निविदा प्रपत्र में उल्लेखित कंडिकाएँ स्वमेव लागू मानी जावेगी एवं निविदा आमंत्रण सूचना निविदा का ही भाग माना जावेगा।
10. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र, निविदा प्रपत्र शुल्क, अमानत राशि, निविदा आमंत्रण सूचना पत्र में उल्लेखित दस्तावेज सही पाए जाने पर ही निविदा दर संबंधी लिफाफा खोला जावेगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
11. ठेकेदार को अपनी दरें शब्दों एवं अंको में लिखना अनिवार्य होगा।
12. शासन के विभिन्न विभागों जैसेः— खजिन विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग इत्यादि विभागों द्वारा समय—समय पर जारी निर्देशों/आदेशों के पालन की समस्त जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होगी।
13. ठेकेदार यदि कार्य को अपूर्ण स्थिति में छोड़ता है तो निविदा प्रपत्र में उल्लेख अनुसार इस संबंध में प्रावधान के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।
14. कार्य प्रारंभ नहीं करने अथवा अपूर्ण स्थिति में छोड़ने पर निगम द्वारा ठेकेदार के विरूद्ध तत् समय में एम.आई. सी. द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव के अधीन कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी ठेकेदार की होगी।
15. सफल निविदा दाता से अनुबंध के समय अतिरिक्त परफार्मेंस राशि जमा कराई जावेगी जबकि निविदा की दरों में काफी कमी हो जैसे निविदादाता को निविदा दर एवं अनुमानित लागत से 10 प्रतिशत से अधिक निविदा दर होने पर सफल निविदादाता को निविदा दर एवं अनुमानित लागत के 90 प्रतिशत अंतर की राशि के समतुल्य परफार्मेंस गारंटी के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ.डी.आर./टी.डी.आर. ऑफिस अथवा टाईम डिपॉजिट जो कि आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा के नाम से देय होगा, जो मांग तिथि से **15 दिवस** के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त राशि को जमा न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
16. सम्पूर्ण किये गये कार्यों के **लिये 5 प्रतिशत की दर से सुरक्षा राशि रनिंग देयकों के साथ 01 वर्ष हेतु साथ ही मरम्मत एवं संधारण प्रकृति के कार्यों को छोड़कर शेष कार्यों के देयकों से 5 प्रतिशत की दर से पृथक से 03 वर्ष** की गारंटी के लिये परफार्मेंस सिक्यूरिटी के रूप में रोकी जावेगी।
17. निविदा में भाग लेने वाले ठेकेदारों को छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम 1996 एवं तद्अंतर्गत निर्धारित नियमों के तहत् पंजीयन कराना आवश्यक होगा तथा निर्माण लागत का **1 प्रतिशत उपकर** के रूप में प्रत्येक देयक से कटौती की जावेगी।
18. निविदाकार को प्रत्येक निविदा में पंजीयन क्षमता के अंतर्गत वर्तमान में नगर निगम या अन्य विभागों में किये जा रहे कार्यो का विवरण राशि सहित मूल प्रति में वैध शपथ पत्र कंडिका क्र. 04 के प्रथम लिफाफा (अ) में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
19. ईंट से संबंधित निर्माण कार्यों में फ्लाई एश ब्रिक का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा।
20. निविदा प्रपत्र अहस्तांतरणीय होगा एवं सशर्त निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा।
21. निविदा के संबंध में किसी प्रकार की विवाद होने की स्थिति में आयुक्त के द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
22. निविदा प्रपत्र **Form-A** के क्लॉज नम्बर—11 अनुसार एस्केलेशन देय नहीं होगा।
23. निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम के पास सुरक्षित रहेगा।
24. निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि (कार्य दिवस) को निविदा संबंधी कार्यवाही मानी जावेगी।

**नोटः—**

1. अमानत राशि के रूप में एफ.डी.आर./टी.डी.आर. अथवा नगद जमा रसीद पृथक से लिफाफे में स्वीकार किए जावेंगे आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा के नाम पर देय हो।
2. उपरोक्त तिथियों में किसी भी तिथि को शासकीय/स्थानीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निर्धारित तिथि समय एवं स्थान माना जावे।

**प्रतिलिपि :—** **प्रोग्रामर, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नया रायपुर (छ.ग.) को Uad.cg.gov.in में अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।**

**(ठेकेदार के हस्ताक्षर)**

**नाम** ..............................................

**पूर्ण पता** ..............................................

..............................................

**मोबाईल नं.—** ..............................................

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

# OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, KORBA ( C.G.)
## ABSTRACT

Name of Work : CONSTRUCTION OF CEMENT CONCRETE BLOCK ROAD AND RCC DRAIN FROM VIJAY SINGH HOUSE TO MUNNA PASTER HOUSE WARD NO 01.

As per SOR : SCHEDULE OF RATES PUBLIC WORKS DEPARTMENT [PWD BUILDING-01.01.2015]

| S.N | REF | ITEM DESCRIPTION | UNIT | QTY | RATE | AMOUNT |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3.1 | Excavation in Soil (by Manual Means.) Excavation for roadway in soil using including loading in tipper for carrying of cut earth to embankment site and unloading with all lifts and lead upto1000 meters as per relevant clauses of section 300. | Cum. | 104.78 | 140.00 | 14,669.20 |
| 2 | 6.6 | Providing and laying cement concrete for plain concrete/ reinforced concrete i/c form work, shuttering complete in as per drawings and specifications.( For Village roads) | | | | |
| | (i) | P.C.C. M-10 | Cum | 49.4 | 2789.00 | 137,776.60 |
| 3 | 4.15 | Providing & laying precast interlocking concrete blocks minimum compressive strength of 300 kg/sq.cm and approved size , shape/ pattern over coarse sand bed of thickness upto 40 mm and joints thick filled with fine sand including leveling with surface vibrator, temping and sweeping etc. complete as per IRC-SP-63-2004. of ERROR | | | | |
| | C) | 80mm thick Polymer coated coloured precast interlock concrete blocks | Sqm | 489 | 732.00 | 357,948.00 |
| 4 | 6.6 | Providing and laying cement concrete for plain concrete/ reinforced concrete i/c form work, shuttering complete in as per drawings and specifications.( For Village roads) | | | | |
| | (ii) | P.C.C. M-15 | Cum | 8.32 | 3695.00 | 30,742.40 |
| 5 | 3.20 | Construction of RCC open drain | | | | |
| | (ii) | Construction of RCC open drain 0.60m x 0.60m inside dimension lined with 120 mm thick RCC M-20 walls, 120 mm thick CC M-20 foundation, over 100 mm thick (Av) leveling course in PCC M-15 including excavation , dressing of sides and bottom, provision of HYSD reinforcement consisting 8 mm dia horizontal bars @ 150 mm c/c and L-shaped 8 mm dia vertical bars @ 150 mm c/c (L= 800 mm) including cutting , bending and binding wire, placing in position , providing shuttering and concreting by using concrete mixer, compaction by vibration etc complete as per drawings and technical specifications. | Meter. | 37.00 | 2592.00 | 95,904.00 |
| 6 | 3.25 | Construction of RCC Drain/Cover/Chamber | | | | |
| | (ii) | Construction of RCC drain/chamber cover , placing in position, providing shuttering and concreting by using concrete mixer, compaction by vibration etc complete as per drawings and technical specifications excluding reinforcement with RCC M-20 | Cum. | 4.35 | 4146.00 | 18,035.10 |
| | (iii) | Supplying, Fitting and Placing un-coated HYSD bar Reinforcement in drain/cover/chamber complete as per Drawing and Technical Specifications. | MT | 0.44 | 56301.00 | 24,772.44 |
| 7 | 8.6 | Direction and Place Identification signs with size more than 0.9 sqm size board (Providing and erecting direction and place identification retro-reflectorized sign as per IRC 67-2012 made of Micro prismatic grade type reflective sheeting vide clause 801.3, fixed over aluminum sheeting, 2 mm thick with area exceeding 0.9 sqm supported on a mild steel angle iron post 75mm x 75mm x 6mm, 2 Nos. firmly fixed to the ground by means of | Sqm | 1.62 | 12426.00 | 20,130.12 |

| REF | ITEM DESCRIPTION | UNIT | QTY | RATE | AMOUNT |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | properly designed foundation with M15 grade cement concrete 45cm x 45cm x 60cm, 60cm below ground level as per approved drawing) | | | | |

As per Estimate Amount Rs. 699977.86

Say Rs 7.00 Lac

Sub Engineer
Nagar PalikNigam
Korba (C.G.)

Assistant Engineer
Nagar PalikNigam
Korba (C.G.)